3वीं वार्षिक रिपोर्ट
2019 - 20



हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड

(कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी)

दिनांक 30 जनवरी 2020 को कंपनी के नजीरगंज सुविधा में नए आउटफिट घाट का उद्घाटन

निदेशक मंडल

श्री मधु एस नायर
अध्यक्ष

श्री एन वी सुरेष बाबु
गैर-कार्यपालक निदेशक

श्री बिजोय भास्कर
गैर-कार्यपालक निदेशक

श्री जोस वी जे
गैर-कार्यपालक निदेशक

श्री चंद्र मणि रावत
गैर कार्यपालक निदेशक

मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

श्री राजेश गोपालकृष्णन
मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)

श्री षिबु जॉण
मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ)

श्री अश्विन शर्मा एम
कंपनी सचिव

वरिष्ठ प्रबंधन दल

श्री हरिकुमार के
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यपालक सहायक, सीएसएल

श्री पी के मिश्रा
उप महाप्रबंधक (पी एंड ओ), एचसीएसएल

श्री नजीब ई एच
वरिष्ठ प्रबंधक (नई परियोजनाएं), सीएसएल

श्री नितिन नारायण
वरिष्ठ प्रबंधक (नई परियोजनाएं), सीएसएल

श्रीमती बिंदु कृष्णा
वरिष्ठ प्रबंधक (कानूनी), सीएसएल

पंजीकृत कार्यालय

दि लेगसी, 25 ए, शेक्सपियर सारणी,
लेवल 1, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 017
सीआईएन: U35900WB2017GOI223197

सांविधिक लेखा परीक्षक

मेसर्स घोशाल बसु व रे, 8/2,
किरण शंकर रॉय रोड, दूसरा तल,
रूम नं. 28, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 001

बैंकर

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
फेडरल बैंक लिमिटेड

कार्य

नज़ीरगंज कार्य
पी ओ धनेष एसके लेन, हावडा - 711 109,
पश्चिम बंगाल, भारत

साल्किया कार्य
6, हावडा रोड, साल्किया, हावडा - 711 106,
पश्चिम बंगाल, भारत

विषय सूची

अध्यक्षीय भाषण	2
निदेशकों की रूपरेखा	4
सदस्यों केलिए सूचना	6
निदेशकों की रिपोर्ट	14
निगमित शासन पर रिपोर्ट	29
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	34
स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	37
वित्तीय विवरण	57

अध्यक्षीय भाषण

श्री मधु एस नायर, अध्यक्ष

मैं, बहुत खुशी के साथ हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (एचसीएसएल) की 03 वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करता हूँ। मैं आप सभी को इस अवसर पर यह सूचित करना चाहता हूँ कि वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान नज़ीरगंज में निर्माण गतिविधियां प्रगति पर है और वित्तीय वर्ष के अंत तक सिविल कार्यों में प्रगति 50% तक पार कर गई है। बहुत खुशी के साथ मैं यह भी कहना चाहूँगा कि नज़ीरगंज में दो आउटफिटिंग जेटी का निर्माण पूरा हो गया है, जिसका उद्घाटन दिनांक 30 जनवरी, 2020 को विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया गया था। इसके अलावा, सिविल कार्य की प्रगति के अनुरूप वर्ष के दौरान योजनाबद्ध विभिन्न अन्य कार्य पैकेजों के तहत गतिविधियां, जैसे कि इलेक्ट्रिकल, गैस पाइपिंग, अग्निशमन आदि शुरू की गई।

जैसा कि आप जानते हैं कि कोविड-19 महामारी, लोगों की पारस्परिक विचार-विमर्श और संचलन, व्यापार, आपूर्ति श्रृंखलाओं और निवेश प्रवाह को बाधित करते हुए दुनिया भर में व्यापार के संचालन पर गंभीर आशंका पैदा कर रही है। कंपनी केलिए भी स्थिति अलग नहीं है। कंपनी को सरकारी प्राधिकारियों द्वारा महामारी के प्रसार को रोकने केलिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण, दिनांक 23 मार्च 2020 से 08 जून 2020 तक अपनी गतिविधियों को बंद करना पडा। भले ही, नज़ीरगंज में गतिविधियां दिनांक 09 जून 2020 से फिर से शुरू हो गई हो, लेकिन सरकारी प्राधिकारियों द्वारा महामारी के कारण जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने केलिए सीमित श्रमशक्ति नियोजित किया जा रहा है। हमारे मुख्य कार्यपालक अधिकारी और एचसीएसएल टीम लगातार परियोजना की निगरानी कर रहे हैं और परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने और संचालन को शुरू करने का लक्ष्य रखते हैं।

दिनांक 03 अक्तूबर 2019 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के पश्चात, एचसीएसएल दिनांक नवंबर 01, 2019 से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) की पूर्ण स्वामित्ववाली सहायक कंपनी बन गई। आगे, उक्त अनुमोदन के अनुसार, एचडीपीईएल की भूमि परिसंपत्ति फरवरी, 2020 में भारत सरकार को हस्तांतरित की गई, जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार ने एचडीपीईएल को ऋणदाता के रूप में बदल दिया है।

जैसा कि एचसीएसएल को सीएसएल और एचडीपीईएल के बीच एक संयुक्त उद्यम के रूप में सम्मिलित किया गया था, उपरोक्त घटनाएं सीएसएल और एचडीपीईएल के बीच संयुक्त उद्यम साझेदारी समाप्त करने में परिणत हुई है। मैं, इस अवसर पर एचडीपीईएल के अधिकारियों को विशेष रूप से श्री एस बालाजी अरुणकुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को परियोजना केलिए प्रदत्त असीम सहायता केलिए धन्यवाद देना चाहता हूँ।

जैसा कि एचसीएसएल अपने परियोजना कार्यान्वयन चरण पर है और प्रचालन अभी तक शुरू न करने के कारण, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक जुलाई 08, 2014 के कार्यालय ज्ञापन एफ सं. 18 (8)/2005-जीएम के अनुसार कंपनी को सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के निगमित शासन पर दिशानिर्देशों के अनुपालन से छूट दी गई है। फिर भी, कंपनी जहां भी संभव हो, सर्वोत्तम निगमित शासन कार्यों को अपनाती है और डीपीई द्वारा जारी केन्द्रीय सार्वजनिक उद्यमों केलिए निगमित शासन पर दिशानिर्देशों के अनुपालन में तैयार निगमित शासन की रिपोर्ट को वार्षिक रिपोर्ट में शामिल करती है।

समापन से पहले, मैं एचसीएसएल के प्रबंधन को, उनके निरंतर समर्थन, प्रतिबद्धता और योगदान केलिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूँ। मैं सभी बोर्ड सदस्यों को परियोजना हेतु उनके अहम मार्गदर्शन और प्रदत्त सहायता केलिए अपना आभार व्यक्त करने की इच्छा रखता हूँ। मैं, पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार और पश्चिम बंगाल के अन्य कार्यालयों, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), हुगली डॉक एवं पोर्ट इंजीनियेर्स लिमिटेड (एचडीपीईएल) और कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट (केओपीटी) को भी परियोजना की प्रगति में उनके योगदान केलिए धन्यवाद देता हूँ।

मैं, अंतर्देशीय जल जहाज़ खंड में एक प्रमुख अग्रणी बनने के अपने लक्ष्य की ओर बढनेवाली कंपनी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

सधन्यवाद

जय हिंद

मधु एस नायर

अध्यक्ष

डीआईएन: 07376798

निदेशकों की रूपरेखा

श्री मधु एस नायर

श्री मधु एस नायर कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुसार कंपनी के पहले निदेशकों में से एक है। श्री मधु एस नायर दिनांक 01 जनवरी 2016 से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक है। वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोचीन विश्वविद्यालय, भारत से नौसेना वास्तुकला और पोत निर्माण में प्रौद्योगिकी स्नातक उपाधि और ओसाका विश्वविद्यालय, जापान से नौसेना वास्तुकला और समुद्री इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त किया है। वे कुरे, जापान से आईएचआई शिपयार्ड में पोत निर्माण प्रणाली में प्रशिक्षित हैं और समुद्री व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (ओवीटीए), टॉकियो और ओसाका अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र, ओसाका जापान में जे आई सी ए विशेषीकृत प्रशिक्षण और जापान के ओसाका विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर के दौरान जॉइनिंग और वेल्डिंग अनुसंधान में शोध किया। वे विभिन्न व्यावसायिक निकायों के सदस्य हैं, जिसमें दि रॉयल इंस्टीट्यूशन ऑफ नेवल आर्किटेक्ट्स, यू के (आरआईएनए), इंस्टीट्यूशन ऑफ नेवल आर्किटेक्ट्स, भारत शामिल है। उनको पोत निर्माण और पोत मरम्मत उद्योग में 32 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है।

श्री एन वी सुरेष बाबु

श्री एन वी सुरेष बाबु कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुसार कंपनी के पहले निदेशकों में से एक है। श्री सुरेष बाबु दिनांक 26 अप्रैल 2016 से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के निदेशक (प्रचालन) है। वे केरल विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग (मेकानिकल) में उपाधि संभालते हैं। वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ऑपन विश्वविद्यालय से प्रबंधन में डिप्लोमा भी संभालते हैं। उन्होंने कोलंबो योजना के अधीन जापान सरकार के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम के तहत विदेशी पोत निर्माण सहयोग केंद्र द्वारा आयोजित पोत निर्माण, मरम्मत और अनुरक्षण में एक साल का ग्रूप प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। उन्होंने कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सेकाइड, जापान, में शिपयार्ड के साथ एक प्रायोगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी लिया है। इसके अलावा, उन्होंने ऑवरसीज शिपबिल्डिंग कॉऑपरेशन सेंटर में आयोजित जापानी भाषा में अनुपूरक पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। उनको पोत निर्माण, सामग्री और पोत मरम्मत प्रभागों जैसे शिपयार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में 35 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है।

श्री बिजोय भास्कर

श्री बिजोय भास्कर को एचसीएसएल के बोर्ड में दिनांक 25 अप्रैल 2018 से शामिल किया गया है। वे 05 अप्रैल 2018 से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के निदेशक (तकनीकी) है। उन्होने केरल विश्वविद्यालय से प्रथम रैंक और स्वर्ण पदक के साथ बैचलर ऑफ टेक्नॉलजी (मेकानिकल) उपाधि ली है। वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से मास्टर ऑफ टेकनॉलजी (मेकानिकल) डिग्री भी संभालते हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से प्रबंधन में उन्नत डिप्लोमा पूरा कर लिया। उन्हें वर्ष 2014 में केरल प्रबंधन एसोसिएशन द्वारा 'वर्ष का प्रबंधक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनको पोत डिजाइन, पोत निर्माण, आउटफिट और पोत मरम्मत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 32 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है।

श्री जोस वी जे

श्री जोस वी जे को दिनांक 03 अगस्त, 2019 से एचसीएसएल के बोर्ड में शामिल किया गया। वे अगस्त, 2019 से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के निदेशक (वित्त) और मुख्य वित्तीय अधिकारी है। वे भारतीय लागत लेखाकार संस्थान के सदस्य हैं और भारतीय लॉ कॉलेज, एर्णाकुलम से कानूनी में उपाधि संभालते हैं। उन्हें विविध क्षेत्र जैसे कि वित्तीय प्रबंधन, रणनीतिक योजना, जोखिम प्रबंधन, विदेशी मुद्रा प्रबंधन, बजट और लागत नियंत्रण में लगभग 29 वर्षों का कार्य अनुभव है।

श्री चन्द्र मणि रावत

श्री चन्द्र मणि रावत कंपनी के संस्था के अंतर्नियम के अनुसार कंपनी के पहले निदेशकों में से एक है। उनको सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री और क्रमशः एक्सआईएम, भुवनेश्वर और आईआईआरएस, देहरादून से प्रबंधन और रिमोट सेंसिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा है। वर्तमान में वे निदेशक (आईडब्ल्यूटी एण्ड इंजीनियरिंग) पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार के रूप में काम कर रहे हैं और पोत परिवहन मंत्रालय के विकास स्कंधों से संबंधित मामलों के साथ - साथ बंगलादेश और म्यानमार, भारत के अंतर्देशीय जल प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और टीएएमपी तथा एएलएचडब्ल्यू और एचडीपीईएल सहित भारत के आईडब्ल्यूटी क्षेत्र से जुडे कार्यों में शामिल हैं। उनको पोर्ट एण्ड हार्बर इंजीनियरिंग (कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट), नदी/नदीमुख में ड्रेजिंग, नदी हाइड्रॉलिक और अनुसंधान एवं विकास संबंधी क्षेत्रों में लगभग 24 वर्ष से अधिक कार्य अनुभव है। उन्होंने भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग और तटीय नौवहन के विकास केलिए कई देशों का दौरा भी किया है। वे हुगली डॉक व पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड में निदेशक भी है।

सूचना

सूचना एतद्द्वारा दी जाती है कि निम्नलिखित कार्य करने केलिए हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के सदस्यों की 03 वीं वार्षिक साधारण बैठक दिनांक अगस्त 04, 2020, मंगलवार को 11.00 घंटे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, केरल - 682 015 में आयोजित की जाएगी।

सामान्य व्यापार

1. दिनांक 31 मार्च 2020 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और बोर्ड के निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार और स्वीकार करना।

2. श्री मधु एस नायर (डीआईएन: 07376798) के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना, जो इस वार्षिक साधारण बैठक में रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होते हैं और योग्य होने पर, पुनर्नियुक्ति केलिए उन्हें पेश करते हैं।

3. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 केलिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक नियत करने केलिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत करना ।

विशेष व्यापार

4. श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएन: 06935852) का निदेशक के रूप में नियुक्ति

साधारण संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प को विचार करने और विचार योग्य होने पर संशोधन के साथ या बिना पारित करने हेतु :

"**संकल्प किया कि** धारा 152 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013 के किसी भी अन्य लागू प्रावधानों (के बाद "अधिनियम" के रूप में संदर्भित) और नियम (किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके पुनः अधिनियमितियों सहित, तत्कालीन समय में लागू होना, आदि) का अनुपालन किया गया, श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएन: 06935852), जिन्हें कंपनी के अपर निदेशक के रूप में 29 मई, 2020 से अधिनियम की धारा 161(1) के तहत निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त किया गया था और जो इस वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद धारण करते है, और नियुक्ति के लिए पात्र और जिसकी नियुक्ति की सिफारिश निदेशक मंडल ने पोत परिवहन मंत्रालय के पत्र सं. एसवाई- 11012/2/2020- एचसीएसएल दिनांक फरवरी 04, 2020 के अनुसार की गई है और एतद्द्वारा दिनांक 29 मई 2020 से 28 मई 2023 तक की 3 साल की अवधि के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है और उनका कार्यालय नियमित आवर्तन द्वारा सेवानिवृत्त होने हेतु उत्तरदायी नहीं होगा।"

"**आगे संकल्प किया कि** कंपनी के किसी भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को एतद्द्वारा कंपनी पंजीयक सहित आवश्यक विवरणियां / प्रपत्रों को फाइल करने और ऐसे सभी कार्यों, कर्मों और उन चीज़ों को करने के लिए अधिकृत किया गया है, जिन्हें पूर्वोक्त संकल्प पर प्रभाव देने के उद्देश्य से इसे आवश्यक, उचित और समीचीन माना जा सकता है।"

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड

स्थान : कोच्ची
दिनांक : जुलाई 30, 2020

अश्विन शर्मा एम
कंपनी सचिव
एम. सं. ए 41969

टिप्पण:

1. सूचना में निर्धारित विशेष व्यवसाय के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुसार कथन को यहां संलग्न किया गया है।

2. एक सदस्य जिसे वार्षिक साधारण बैठक (बैठक) में उपस्थिति रहने और मत देने का अधिकार है, उसे अपनी ओर से उपस्थित होने और मत देने केलिए एक परोक्षी को नियुक्त करने हेतु हकदार है और परोक्षी कंपनी के एक सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। परोक्षी प्रस्तुत करनेवाले विधिवत् स्टैम्पड, पूरा किए, हस्ताक्षरित दस्तावेज बैठक शुरू होने से कम से कम अडतालीस (48) घंटे के पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करना चाहिए। एक परोक्षी प्रपत्र (एमजीटी-II) इस सूचना के साथ संलग्न किया है।

3. पचास सदस्यों से अधिक न हो, सदस्यों की ओर से और मत अधिकार वाले कंपनी के कुल शेयर पूंजी के दस प्रतिशत से न अधिक हो, संभालने वाले एक व्यक्ति परोक्षी के रूप में कार्य कर सकते हैं। यदि, सदस्य द्वारा नियुक्त होने केलिए प्रस्तावित मत अधिकार वाले कंपनी के कुल शेयर पूंजी के दस प्रतिशत से ज्यादा संभालने वाले एक परोक्षी के मामले में, ऐसे व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति या शेयरधारक केलिए परोक्षी के रूप में कार्य नहीं कर सकते हैं।

4. सदस्यों, परोक्षियों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे बैठक में भाग लेने केलिए वार्षिक रिपोर्ट की प्रति के साथ संलग्न विधिवत् भरे उपस्थिति स्लिप लाएं। कंपनी अधिनियम 2013, की धारा 113 के अनुसार बैठक में भाग लेने केलिए अपने प्राधिकृत प्रतिनिधियों को भेजने केलिए इरादा रखनेवाले निगमित सदस्यों से अनुरोध है कि बैठक में उनकी ओर से भाग लेने और वोट करने केलिए अपने प्रतिनिधियों को प्राधिकृत करते हुए बोर्ड संकल्प की प्रमाणित प्रति या मुख्तारनामा या किसी अन्य दस्तावेज कंपनी को भेज दें।

5. सदस्यों द्वारा निरीक्षण केलिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन बनाए रखे पंजियों और सूचना तथा साथ में व्याख्यात्मक विवरण में संदर्भित सभी दस्तावेज बैठक में उपलब्ध है।

6. बैठक में स्थान की ओर रूट मैप इस सूचना के साथ संलग्न किया जाता है।

7. यह बैठक कोलकाता की स्थानीय सीमा के बाहर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, 682 015, से लघु सूचना पर प्रस्तावित है। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 96 और 101 के अनुसार अनुरोध, कोलकाता के स्थानीय सीमा के बाहर बैठक का संचालन करने हेतु सहमति के लिए इस सूचना के साथ संलग्न है और बैठक केवल तभी होगी जब बैठक में मतदान करने के हकदार सभी सदस्यों से सहमति प्राप्त हो।

8. निदेशकों के संक्षिप्त विवरण, जो पुनर्नियुक्ति केलिए मांग कर रहे हैं, को इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा जारी आम बैठकों पर सचिवीय मानकों की आवश्यकताओं के अनुसार नोटिस के साथ संलग्न किया है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 102 हेतु व्याख्यात्मक विवरण

मद सं. 4

सीएसएल द्वारा एचसीएसएल में एचडीपीईएल के शेयरों की एकमुश्त क्रय के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन हेतु दिनांक 01 नवंबर 2019 को एचडीपीईएल द्वारा रखे गए 57,20,000 एचसीएसएल शेयरों को सीएसएल में स्थानांतरित कर दिया गया था और उक्त तिथि से प्रभावी एचडीपीईएल ने एचसीएसएल में किसी भी शेयर को स्थगन करना बंद कर दिया है। कंपनी के पूर्ववर्ती लेख (एओए) के अनुसार, जैसे ही एचडीपीईएल, कंपनी की भुगतान की गई शेयर पूंजी का कम से कम 10% हिस्सा रखना बंद कर देती है, वैसे ही एचसीएसएल के बोर्ड में निदेशकों की नियुक्ति का एचडीपीईएल का अधिकार समाप्त हो जाएगा। तदनुसार, एचडीपीईएल ने अपनी पत्र सं एचडीपीईएल/सीएमडी/2020-21/001 दिनांक 18 मई 2020 के आधार पर एचडीपीईएल के प्रतिनिधियों के रूप में श्री एस बालाजी अरुणकुमार और श्री चंद्र मणि रावत के निदेशक पद को वापस ले लिया है।

यह देखते हुए कि एचसीएसएल परियोजना निष्पादन के एक महत्वपूर्ण

चरण में है, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) ने कंपनी के बोर्ड में श्री एस बालाजी अरुणकुमार और श्री चंद्र मणि रावत की नियुक्ति हेतु पोत परिवहन मंत्रालय से लगभग 3 साल की अवधि के लिए स्वीकृति मांगी थी। हालांकि पोत परिवहन मंत्रालय ने दिनांक 04 फरवरी 2020 के अपने पत्र सं एसवाई-11012/2/2020-एचसीएसएल दिनांक 04 फरवरी 2020 के अनुसार केवल श्री चंद्र मणि रावत की नियुक्ति के लिए अपनी मंजूरी दी। तदनुसार दिनांक 29 मई 2020 को आयोजित अपनी 13 वीं बैठक में निदेशक मंडल ने श्री एस बालाजी अरुणकुमार को दिनांक 29 मई 2020 को व्यापार समय की समाप्ति से कंपनी के निदेशक पद से हटा दिया है, और श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएनः 06935852) को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 161 (1) और कंपनी के लेख के अनुच्छेद संख्या 68 (i) के अनुसार कंपनी के अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 161 (1) के अनुसार, श्री चंद्र मणि रावत आगामी वार्षिक आम बैठक की तारीख तक ही कार्यालय के प्रभारी रहेंगे, लेकिन निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र हैं। दिनांक 29 मई 2020 को आयोजित अपनी 13 वीं बैठक में निदेशक मंडल ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 160 के तहत आवश्यक रूप से श्री चंद्र मणि रावत की नियुक्ति की सिफारिश की है। उन्होंने निदेशक के रूप में कार्य करने हेतु अपनी समहति दी है और उन्हें कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 164 के संदर्भ में निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

श्री चंद्र मणि रावत का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

श्री चंद्र मणि रावत ने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि और एक्सआईएम, भुवनेश्वर और आईआईआरएस देहरादून से प्रबंधन और रिमोट सेंसिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त की है। वे हाल ही में भारत सरकार के पोत परिवहन मंत्रालय के निदेशक (आईडब्ल्यूटी और इंजीनि.) के रूप में काम कर रहें हैं और बांग्लादेश और म्यांमर सहित भारत के आईडब्ल्यूटी क्षेत्र से संबंधित कार्यों, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और टीएएमपी और एएलएचडब्ल्यू और एचडीपीईएल के साथ-साथ पोत परिवहन मंत्रालय के विकास खंड से संबंधित मामला शामिल हैं। पोर्ट / हार्बर इंजीनियरिंग (कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट) में नदी / नदीमुख में ड्रेजिंग, नदी हाइड्रॉलिक्स और आरएंडडी से संबंधित क्षेत्रों में 24 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग और तटीय नौवहन के विकास के लिए कई देशों का दौरा किया है। वे हुगली डॉक एंड पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड में निदेशक भी हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन हेतु सूचना के मद संख्या 4 पर संकल्प की सिफारिश करता है।

श्री चंद्र मणि रावत के अलावा कंपनी के किसी भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक को सूचना के मद संख्या 4 में वित्तीय या अन्यथा किसी भी तरह संबंधित, संबद्ध, संकल्प में नहीं हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड

अश्विन शर्मा एम
कंपनी सचिव
एम. सं. ए 41969

स्थान : कोच्ची
दिनांक : जुलाई 30, 2020

पंजीकृत कार्यालयः
दि लेगसी, 25 ए, शेक्सपियर सारणी, लेवल 1,
कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 017
सीआईएन : U35900WB2017GOI223197
फोनः +91 (33) 44000517
ई-मेलः secretary.hcsl@cochinshipyard.com

प्रपत्र सं. एमजीटी-11

परोक्षी प्रपत्र

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105 (6) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 19(3)के अनुसार]

बैठक का स्थान : कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, केरल - 682 015

दिन, दिनांक और समय : अगस्त 04, 2020 - मंगलवार - 11.00 घंटे

सदस्य का नाम	
पंजीकृत पता	
ईमेल आईडी	
लेड्जर पृ.सं.	

मैं/ हम, ... शेयर संभालनेवाले हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड एक सदस्य हैं, निम्नलिखितः

1.

नाम :
पताः
ईमेल आईडी :
हस्ताक्षर

या उनकी अनुपस्थिति पर

2.

नाम :
पताः
ईमेल आईडी :
हस्ताक्षर

या उनकी अनुपस्थिति पर

3.

नाम :
पताः
ईमेल आईडी :
हस्ताक्षर

को दि. 04 अगस्त, 2020 को 11.00 घंटे कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, केरल-15 में आयोजित होनेवाले कंपनी के सदस्यों के तीसरी वार्षिक आम बैठक में मेरे लिए/ हमारे और से मेरे/ हमारे परोक्षी के रूप में बैठक में उपस्थिति होने और मत देने (पॉल पर) केलिए एतद्द्वारा नियुक्त करते हैं और ऐसे संकल्प के संबंध में इसके किसी भी स्थगन नीचे सूचित किया जाता है:

क्र.सं.	संकल्प	पक्ष	विपक्ष
सामान्य व्यापार			
1.	दिनांक 31 मार्च 2020 के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और बोर्ड के निदेशक मंडल की रिपोर्ट तथा उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार और स्वीकार करना।		
2.	श्री मधु एस नायर(डीआईएनः 07376798) के स्थान पर निदेशक की नियुक्ति करना, जो इस वार्षिक साधारण बैठक में रोटेशन द्वारा सेवानिवृत्त होते हैं और योग्य होने पर, पुनर्नियुक्ति केलिए उन्हें पेश करते हैं।		
3.	कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 139 के अधीन नियुक्त लेखापरीक्षकों की पारिश्रमिक नियुक्त करना।		
विशेष व्यापार			
4.	निदेशक के रूप में श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएन : 06935852) की नियुक्ति		

2019 के ..... दिन.....हस्ताक्षर किया।

रेवन्यू स्टैम्प लगा दें

शेयरधारक का हस्ताक्षर परोक्षी धारक का हस्ताक्षर

नोट : यह प्रपत्र प्रभावी होने केलिए विधिवत् भरकर,बैठक शुरू होने के कम से कम 48 घंटे से पहले कंपनी पंजीकृत पंजीकृत कार्यालय में जमा करना चाहिए।

उपस्थिति पर्ची

बैठक का स्थान : कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, केरल - 682 015

दिन, दिनांक एवं समय : अगस्त 04, 2020, मंगलवार, 11.00 घंटे

कृपया उपस्थिति पर्ची भरें और इसे बैठक स्थान के प्रवेश पर सौंप दें।

शेयरधारक का नाम	
पंजीकृत पता	
ईमेल आईडी	
लेड्जर पृ.सं.	
संभाले शेयरों की सं.	

मैं प्रमाणित करता/ती हूँ कि मैं कंपनी के पंजीकृत शेयरधारक के पंजीकृत शेयरधारक/ परोक्षी है।

मैं दिनांक 04 अगस्त, 2020, मंगलवार, 11.00 घंटे को कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, केरल - 682 015 में कंपनी की तीसरी वार्षिक आम बैठक में अपनी उपस्थिति एतद्द्वारा रिकॉर्ड करता/ती हूँ।

शेयरधारक या परोक्षी का हस्ताक्षर

बैठक के स्थान का रूट मैप



शेयरधारक की सहमति

[कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 96 और 101 के अधीन]

सेवा में,
निदेशक मंडल
हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
दि लेगसी, 25 ए, शेक्सपियर सारणी
स्तर-1, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 017

मैं, ———————— , ———————— का पुत्र, ————————, ———————— ————————, ———————— का निवासी, कंपनी में प्रत्येक 10 रूपए के ———————— इक्विटी शेयर का धारक यहाँ एतद्द्वारा कंपनी के 03 वीं वार्षिक आम बैठक (वा.आ.बै), अगस्त 04, 2020 को कोलकाता के स्थानीय सीमा के बाहर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, केरल - 682 015 में लघु सूचना पर करने हेतु कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 96 और 101 के अनुसार सहमति देते हैं।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर :
नाम :

03 वीं वार्षिक आम बैठक (वा.आ.बै) में नियुक्ति / पुनर्नियुक्ति की मांग करने वाले निदेशकों का विवरण

[भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (भा.कं.स.सं) द्वारा जारी सामान्य बैठकों (एसएस-2) पर सचिवीय मानकों के उद्देश्य]

निदेशक का नाम	श्री मधु एस नायर	श्री चंद्र मणि रावत
डीआईएन	07376798	06935852
आयु एवं जन्मतिथि	54 और जनवरी 05, 1966	56 और जुलाई 16, 1964
योग्यताएं	वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी कोचीन विश्वविद्यालय, भारत से नौसेना वास्तुकला और पोत निर्माण में प्रौद्योगिकी स्नातक उपाधि और ओसाका विश्वविद्यालय, जापान से नौसेना वास्तुकला और समुद्री इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त किया है।	उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि और एक्सआईएम, भुवनेश्वर और आईआईआरएस देहरादून से प्रबंधन और रिमोट सेंसिंग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि प्राप्त की है।
अनुभव	श्री मधु एस नायर, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, होल्डिंग कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक है। उन्हें पोत निर्माण और पोत मरम्मत उद्योग में 32 वर्ष से अधिक का कार्य अनुभव है।	श्री चंद्र मणि रावत हाल ही में भारत सरकार के पोत परिवहन मंत्रालय के निदेशक (आईडब्ल्यूटी और इंजीनि.) के रूप में काम कर रहें हैं और बांग्लादेश और म्यांमर सहित भारत के आईडब्ल्यूटी क्षेत्र से संबंधित कार्यों, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और टीएएमपी और एएलएचडब्ल्यू और एचडीपीईएल के साथ-साथ पोत परिवहन मंत्रालय के विकास खंड से संबंधित मामले में शामिल हैं। पोर्ट / हार्बर इंजीनियरिंग (कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट) में नदी / नदीमुख में ड्रेजिंग, नदी हाइड्रॉलिक्स और आरएंडडी से संबंधित क्षेत्रों में 24 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने भारत के अंतर्देशीय जलमार्ग और तटीय नौवहन के विकास के लिए कई देशों का दौरा किया है।
नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के नियम एवं शर्तें	श्री मधु एस नायर को बोर्ड में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के नामिती के रूप में दिनांक 23 अक्तूबर 2017 को कंपनी के पहले निदेशकों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया था। जब तक उनका नामांकन वापस नहीं लिया जाता, तब तक श्री मधु एस नायर के निदेशक पद पर बने रहने हेतु सदस्यों की स्वीकृति मांगी जाती है। पुनः नियुक्ति की शर्तों के अनुसार, वह कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार नियमित आवर्तन द्वारा सेवानिवृत्ति होने हेतु उत्तरदायी है।	श्री चंद्र मणि रावत को बोर्ड में हुगली डॉक एंड पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड (एचडीपीईएल) के नामिती के रूप में दिनांक 23 अक्तूबर 2017 को कंपनी के पहले निदेशकों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया था। एचडीपीईएल ने अपने पत्र सं एचडीपीईएल/सीएमडी/2020-21/001 के आधार पर दिनांक 18 मई 2020 को एचडीपीईएल नामिती के रूप में अपने निदेशक पद को वापस ले लिया है। हालांकि पोत परिवहन मंत्रालय ने अपने पत्र सं एसवाई-11012/2/2020- एचसीएसएल दिनांक 04 फरवरी 2020 के आधार पर 3 साल की अवधि के लिए श्री चंद्र मणि रावत की नियुक्ति हेतु अपनी मंजूरी

		दी है। तदनुसार दिनांक 29 मई 2020 को आयोजित अपनी 13 वीं बैठक में श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएन: 06935852) को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 161 (1) और कंपनी के लेख के अनुच्छेद संख्या 68 (i) के अनुसार कंपनी के अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। उक्त बैठक में बोर्ड ने शेयरधारकों को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 160 के तहत आवश्यकतानुसार निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति की भी सिफारिश की है। उपरोक्त के मद्देनज़र, 3 साल की अवधि के लिए श्री चंद्र मणि रावत की नियुक्ति के लिए सदस्यों की मंजूरी मांगी गई है। नियुक्ति की शर्तों के अनुसार, वे नियमित आवर्तन से सेवानिवृत्ति के लिए उत्तरदायी नहीं है।
पुनर्नियुक्ति पर भुगतान करने केलिए मांगे गए और अंतिम आहरित पारिश्रमिक संबंधी विवरण (वित्तीय वर्ष 2019-20)	शून्य	शून्य
बोर्ड पर प्रथम नियुक्ति की तिथि	अक्तूबर 23, 2017	अक्तूबर 23, 2017
कंपनी में संभाले शेयरों की संख्या	10 (सीएसएल की ओर से शेयर संभाला है।)	शून्य
अन्य निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ संबंध	शून्य	शून्य
वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान भाग ली गई बोर्ड बैठकों की सं.	5/5	2/5
अन्य सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों में निदेशक पद (विदेशी कंपनियों, निजी कंपनियों एवं सेक्शन 8 कंपनियों को छोडकर)	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड	हुगली डॉक व पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड
समितियों में सदस्यता/अन्य सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों में अध्यक्षता	शून्य	शून्य

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय शेयरधारियों,

1. आपके निदेशकों को दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष केलिए वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के अधीन सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ-साथ आपकी कंपनी की 03 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में बहुत खुशी है।

परियोजना - पृष्ठभूमि

2. कंपनी के नज़ीरगंज इकाई में नए शिपयार्ड का निर्माण प्रगति पर है। यह कार्य विभिन्न कार्य पैकेजों के अधीन संकुल अर्थात, सिविल, बाहरी विद्युत, अग्निशमन, गैस पाइपिंग, क्रेन और मशीन, ईएलवी, एचवीएसी सहित यांत्रिक कार्यों और अन्य पैकेज जिसमें विचलन शेड़, चरखी और पालना निर्माण, पोंटून निर्माण आदि शामिल हैं। नज़ीरगंज में आवश्यक पोत निर्माण बुनियादी सुविधाओं की स्थापना हेतु साइट की गतिविधियां वर्ष 2019-20 के दौरान गति पकड़ती हैं।

3. सिविल कार्य संकुल के तहत गतिविधियों के साथ निर्माण कार्य शुरू हुआ और सिविल कार्यों की प्रत्यक्ष प्रगति 50% के स्तर को पार कर गई जब कंपनी को दिनांक 23 मार्च 2020 से कोविड-19 स्थिति के कारण सभी कार्यों को रोकना पड़ा। दिनांक 31 मार्च 2020 तक सिविल कार्य संकुल के तहत गतिविधियों की प्रगति की स्थिति निम्नानुसार है:



4. वर्ष के दौरान अन्य कार्य संकुल अर्थात विद्युत, गैस पाइपिंग, अग्निशमन आदि के तहत गतिविधियां भी शुरू की गई है जो निष्पादन के विभिन्न चरणों के अधीन हैं। गैस प्रणाली, अग्निशमन प्रणाली और विद्युत कार्यों जैसी उपयोगिताओं के लिए कार्य आदेश जारी किए गए हैं। प्रमुख मशीनरी और क्रेन हेतु क्रय आदेश रखे गए हैं और उस की आपूर्ति सिविल कार्य की प्रगति के अनुरूप की जा रही है।

5. वर्ष के दौरान, नज़ीरगंज में दो आउटफिटिंग जेट्टियों का निर्माण पूरा किया गया और दिनांक 30 जनवरी 2020 को एक का उद्घाटन श्री मधु एस नायर, अध्यक्ष एचसीएसएल और अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा और दूसरे का श्री एस बालाजी अरुणकुमार, निदेशक, एचसीएसएल और अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, हुगली डॉक एंड पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड (एचडीपीईएल) द्वारा किया गया। पोत परिवहन मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन के अनुसार एक आउटफिटिंग जेट्टी को पूरा करने हेतु उत्कृष्ट रेटिंग के लिए नियत तिथि दिनांक 15 फरवरी 2020 था।

6. दिनांक 03 अक्तूबर 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसरण में, एचडीपीईएल की भूमि संपत्ति का स्वामित्व फरवरी 2020 को भारत सरकार को हस्तांतरित कर दिया गया था। इस तरह के हस्तांतरण पर भारत सरकार ने एचडीपीईएल को ऋणदाता के रूप में प्रतिस्थापित किया है और पट्टे पर दी गई भूमि के स्वामित्व में परिवर्तन को दर्शाने हेतु घोषणा का एक विलेख भारत सरकार के विचाराधीन है। इसे जल्द ही कंपनी और भारत सरकार के बीच अमल करने की उम्मीद है।

7. वित्तीय वर्ष 2019-20 की समाप्ति की ओर, दुनिया ने कोविड-19 महामारी के अभूतपूर्व प्रकोप को देखा, जिसने दुनिया भर में आर्थिक गतिविधियों को गंभीर रूप से प्रभावित किया। महामारी के फैलाव को रोकने के लिए सरकारी अधिकारियों ने देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया था, जिसके कारण दिनांक 23 मार्च 2020 से दिनांक 08 जून, 2020 तक नज़ीरगंज में निर्माण गतिविधियों को रोक दिया गया था। दिनांक 09 जून 2020 से सीमित जनशक्ति के साथ काम फिर से शुरू हो गया है, लेकिन गति पूर्व-कोविड के स्तरों तक नहीं पहुँची है। महामारी के कारण होनेवाले श्रम दिनों की कमी पर ध्यान रखते हुए, जून 2020 की मूल अनुबंध तिथि को संशोधित करके सितंबर 2021 तक किया जाएगा। फिर भी, मूल अनुबंध तिथि, यानी जून 2021 के अंतर्गत परियोजना को पूरा करने और यार्ड के संचालन शुरू करने केलिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। महामारी का पूरा प्रभाव और परियोजना को किस हद तक वापस लिया जा सकता है, यह केवल निर्माण गतिविधियों की प्रगति के दौरान पता लगाया जा सकता है बशर्ते फिर से कुल लॉकडाउन की आवश्यकता न हो।

वित्तीय विवरण

8. कंपनी जो अपेक्षित शिपयार्ड संरचना सुविधाएं स्थापित करने की प्रक्रिया में है, ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 248.76 लाख रुपए (133.19 लाख रुपए - गत वर्ष) की हानि रिपोर्ट की है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान हुए कुल पूंजी खर्च 3,641.55 लाख रुपए (347.12 लाख रुपए - गत वर्ष) है।

वित्तीय विशिष्टताएं

(रुपए लाख में)

क्र.सं.	विवरण	दिनांक 31 मार्च 2020 को	दिनांक 31 मार्च 2019 को
(i)	सकल आय	77.14	75.77
(ii)	वित्तीय लागत पूर्व लाभ/(हानि), मूल्यह्रास एवं कर	(197.79)	(175.84)
(iii)	वित्तीय लागत	(33.01)	-
(iv)	मूल्यह्रास एवं परिशोधन खर्च	(20.78)	(4.32)
(v)	कर पूर्व लाभ /(हानि)	(251.58)	(180.16)
(vi)	कर परिसंपत्ति	2.82	46.97
(vii)	निवल लाभ/ (हानि)	(248.76)	(133.19)

शेयर पूंजी

9. कंपनी के प्राधिकृत शेयर पूंजी 25,00,00,000 (रुपए पच्चीस करोड मात्र) है, जो प्रत्येक 10 रुपए (रुपए दस मात्र) के अंकित मूल्य के 2,50,00,000 (दो करोड पचास लाख) इक्विटी शेयरों में विभाजित है। दिनांक 31 मार्च 2020 को कंपनी प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी 22,00,00,000 (रुपए बाईस करोड मात्र) है जो प्रत्येक 10. रुपए (रुपए दस मात्र) के अंकित मूल्य के 2,20,00,000 (दो करोड बीस लाख) इक्विटी शेयरों में विभाजित है। दिनांक 03 अक्तूबर 2019 को केंद्रीय मंत्रिमंडल के अनुसरण में, एचडीपीईएल द्वारा रखे गए कंपनी के 57,20,000 (26%) इक्विटी शेयरों को सीएसएल द्वारा दिनांक 01 नवंबर 2019 को खरीदा गया था और तब से पूरी भुगतान वाली इक्विटी शेयर पूंजी कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के पास है।

ऋणपत्र

10. कंपनी के पास 1,000 रूपए (केवल एक हज़ार रूपए) के अंकित मूल्य के 4,40,000 असुरक्षित गैर-प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (ऋणपत्र) हैं, प्रत्येक को दिनांक 31 मार्च 2020 तक बकाया हैं। ऋणपत्र, 44,00,00,000 रूपए (केवल चौंतालीस करोड़ रूपए) की राशि के लिए सीएसएल को प्रति वर्ष 6.50% की ब्याज दर पर 60 महीनों की अवधि के साथ सितंबर 2018 के महीने में जारी किए गए थे। ऋणपत्र, सितंबर 2023 में ऋणमुक्ति के लिए देय है।

लाभांश

11. कोई लाभांश की सिफारिश नहीं की गई है, इसलिए कि कंपनी फिलहाल परियोजना कार्यान्वयन चरण में है और उसका कोई विभाज्य लाभ नहीं है।

आरक्षण अंतरण

12. कंपनी परियोजना कार्यान्वयन चरण में और वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान हानि होने के कारण, कंपनी आरक्षण में किसी भी राशि को अंतरित करने में असमर्थ है।

राजकोष में अंतरण

13. वर्ष 2019-20 के दौरान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) और आयकर (टीडीएस) के माध्यम से किए कुल अंशदान लगभग 112.74 लाख रुपए (74.17 लाख रुपए - गत वर्ष) है।

श्रमशक्ति स्थिति

14. दिनांक 31 मार्च 2020 तक कंपनी में 11 कर्मचारी हैं जिनमें 7 कार्यपालक, 3 परियोजना अधिकारी और 1 मुख्य परियोजना अभियंता शामिल हैं। कंपनी में आदर्श कार्मिक आवश्यकता स्तर सुनिश्चित करने हेतु अपेक्षित अतिरिक्त श्रमशक्ति की तैनाती हेतु भर्ती चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। उपरोक्त के अलावा, नियंत्रक कंपनी, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) के कर्मचारी भी परियोजना के सुचारू निष्पादन हेतु प्रतिनियुक्ति पर लगे हुए हैं।

कर्मचारियों और संबंधी प्रकटीकरण का विवरण

15. कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के दिनांक 05 जून 2015 के अधिसूचना सं. जीएसआर 463 (ई) के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 और इसके नियमों से छूट दी गई है। अतः निदेशकों की पारिश्रमिक के विवरण बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल करने की आवश्यकता नहीं है।

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा आय तथा खर्च

16. कंपनी, शिपयार्ड अवसंरचना सुविधाओं की स्थापना की प्रक्रिया में है और इसका उद्देश्य, जहां भी संभव हो, ऊर्जा कुशल उपायों को अपनाना है, प्रचालन शुरू होने पर प्रौद्योगिकी अवशोषण भी हासिल किया जाएगा।

17. वर्ष 2019-20 के दौरान, कोई विदेशी मुद्रा आय और व्यय नहीं हुआ है।

जोखिम प्रबंधन

18. कंपनी, अपेक्षित शिपयार्ड अवसंरचना सुविधाओं की स्थापना की प्रक्रिया में है और परियोजना की प्रगति को समीक्षा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश केलिए समय-समय पर बोर्ड को सूचित किया जाता है। एक व्यापक जोखिम प्रबंधन नीति तैयार की जा सकती है और व्यापार प्रचालन शुरू होने पर अपनाई जा सकती है।

स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण (एचएसई)

19. कंपनी कार्यबल और पर्यावरण जिसमें कार्य किया जा रहा है, उसके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देती है। इसके लिए, कंपनी कार्यबल केलिए समय-समय पर एचएसई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती है। इसके भाग के रूप में, लोगों में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 04 मार्च 2020 को एचसीएसएल में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया।

औद्योगिक सुरक्षा

20. कंपनी की बाह्य सुरक्षा डीजीआर प्रायोजित सुरक्षा अभिकरण, मै. कर्नल (टीएस) पृथ्वी राजन दास (सेवानिवृत्त) को सौंप दिया गया है। कुल 41 कार्मिक को तैनात किया गया है, जिसमें से 24 कंपनी के नजीरगंज यूनिट में और 17 साल्किया यूनिट में तैनात है।

निदेशक मंडल एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

21. इस रिपोर्ट की तिथि के अनुसार, कंपनी में 5 निदेशक हैं, जिनमें से सभी गैर-कार्यपालक निदेशक और 3 मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक जैसे : सीईओ, सीएफओ और कंपनी सचिव हैं, विवरण निम्नानुसार हैं :

क्र.सं.	नाम	डीआईएन	पदनाम
1.	श्री मधु एस नायर	07376798	अध्यक्ष
2.	श्री एन वी सुरेष बाबु	07482491	गैर-कार्यपालक निदेशक
3.	श्री बिजोय भास्कर	08103825	गैर-कार्यपालक निदेशक
4.	श्री जोस वी जे	08444440	गैर-कार्यपालक निदेशक
5.	श्री चंद्र मणि रावत	06935852	गैर-कार्यपालक निदेशक
6.	श्री राजेष गोपालकृष्णन	लागू नहीं	मुख्य कार्यपालक अधिकारी
7.	श्री शिबु जॉण	लागू नहीं	मुख्य वित्तीय अधिकारी
8.	श्री अश्विन शर्मा एम	लागू नहीं	कंपनी सचिव

22. श्री जोस वी जे (डीआईएन: 08444440), निदेशक (वित्त), कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) को दिनांक अगस्त 03, 2019 से श्री डी पॉल रंजन (डीआईएन : 06869452) के स्थान पर सीएसएल के नामिति निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

23. सीएसएल को कंपनी में एचडीपीईएल द्वारा रखे गए शेयरों की बिक्री के अनुसार, एचडीपीईएल ने दिनांक 29 मई 2020 को व्यापार घंटे की समाप्ति से अपने नामिति निदेशकों श्री एस बालाजी अरुणकुमार (डीआईएन: 07526368) और श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएन: 06935852) को निर्लिप्त किया है। हालांकि, श्री चंद्र मणि रावत (डीआईएन: 06935852) को पोत परिवहन मंत्रालय के दिनांक 04 फरवरी 2020 के पत्र सं एस.वाई-11012/2/2020- एचसीएसएल के अनुसरण में दिनांक 29 मई 2020 को कंपनी के बोर्ड में अपर निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया।

24. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान और इस रिपोर्ट की तिथि तक भी, कंपनी के निदेशक या मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों के पद में कोई परिवर्तन नहीं है।

वर्ष 2019-20 के दौरान आयोजित बोर्ड बैठकों का विवरण

25. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान पांच बोर्ड बैठक आयोजित की गईं और दो बैठकों के अंतराल 120 दिनों से अधिक नहीं हुआ है। बोर्ड की बैठक आयोजित होने की तिथियां और उक्त बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	दिनांक	बोर्ड की संख्या	उपस्थित निदेशकों की सं.
1.	अप्रैल 22, 2019	6	5
2.	जुलाई 12, 2019	6	6
3.	जुलाई 22, 2019	6	4
4.	अक्तूबर 28, 2019	6	6
5.	जनवरी 30, 2020	6	5

26. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान आयोजित बोर्ड बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति रिकॉर्ड नीचे दी गई है :

क्र.सं.	नाम	डीआईएन	उपस्थित हुई बोर्ड बैठकों की सं.
1.	श्री मधु एस नायर	07376798	5/5
2.	श्री डी पॉल रंजन*	06869452	3/3
3.	श्री एन वी सुरेष बाबु	07482491	4/5
4.	श्री बिजोय भास्कर	08103825	5/5
5.	श्री जोस वी जे*	08444440	2/2
6.	श्री बालाजी अरुणकुमार	07526368	5/5
7.	श्री चंद्र मणि रावत	06935852	2/5

*श्री डी पॉल रंजन (डीआईएन : 06869452) को दिनांक अगस्त 03, 2019 से निदेशक के रूप में श्री जोस वी जे के साथ प्रतिस्थापित किया गया।

बोर्ड की समितियां

27. कंपनी ने एक प्रतिभूति प्रस्ताव, आबंटन और अंतरण समिति गठित की है। दिनांक 31 मार्च, 2020 को समिति का गठन और वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सदस्यों की उपस्थिति रिकॉर्ड नीचे दी जाती है:

क्र.सं.	नाम	डीआईएन	पदनाम	उपस्थित हुई बैठकों की संख्या
1.	श्री मधु एस नायर	07376798	अध्यक्ष	2/2
2.	श्री एन वी सुरेष बाबु	07482491	सदस्य	2/2
3.	श्री जोस वी जे	08444440	सदस्य	2/2

28. समिति की दो बैठक वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान दिनांक 01 नवंबर 2019 और 30 जनवरी 2020 को आयोजित की गई। उक्त बैठक में सभी सदस्य उपस्थित थे।

बोर्ड के निष्पादन की मूल्यांकन

29. दिनांक 31 मार्च 2020 को कंपनी के प्रदत्त शेयर पूंजी पच्चीस करोड रुपए से कम होने के कारण, बोर्ड अपने निष्पादन और उसकी समितियां और व्यक्तिगत निदेशकों द्वारा किए गए औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन को सूचित करते हुए विवरण बोर्ड की रिपोर्ट में नहीं प्रकट किया है। फिर भी, कॉरपरेट कार्य मंत्रालय ने दिनांक 5 जून 2015 के अधिसूचना जीएसआर 463 (ई) द्वारा सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रत्येक प्रावधानों के अनुपालन से छूट दी है, जो अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रदान करता है कि औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन पर विवरण से संबंधित धारा 134 (3)(पी) मंत्रालय जो इसके मूल्यांकन कार्यप्रणाली के अनुसार कंपनी के प्रशासनिक प्रभारी है, द्वारा निदेशकों के मूल्यांकन किया जाने के मामले में, सरकारी कंपनियों को लागू नहीं है। आगे, उक्त छूट अधिसूचना, निदेशकों की नियुक्ति, निष्पादन मूल्यांकन और पारिश्रमिक से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के उप-धारा (2), (3) एवं (4) के प्रावधानों से भी सरकारी कंपनियों को छूट देती है।

स्वतंत्र निदेशक द्वारा घोषणा

30. कंपनी को अब तक बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है।

निदेशक उत्तरदायित्व विवरण

31. आपके निदेशक प्रकट करते है कि:

क) वार्षिक लेखों की तैयारी में, महत्वपूर्ण विचलन के संबंध में उचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखाकरण मानकों का अनुपालन किया गया था।

ख) आपके निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियां चुन लिया और सुसंगत रूप से उन्हें लागू किया है तथा निर्णय और अनुमान किया गया जो युक्ति संगत और विवेकपूर्ण है, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के मामलों की स्थिति तथा उसी तिथि को समाप्त वर्ष केलिए कंपनी के लाभ तथा हानि से संबंधित सच्चा और निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत किया जा सके;

ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की रक्षा करने तथा छल कपट और अन्य अनियमितताओं के निवारण एवं पता लगाने केलिए अधिनियम के उपबंधों के अनुसार पर्याप्त लेखाकरण अभिलेखों के रखरखाव केलिए उचित और पर्याप्त ध्यान रखा है।

घ) निदेशकों ने चालू कारोबार के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है।

ड.) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने केलिए उचित प्रणाली तैयार कर ली है और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त है तथा प्रभावी रूप से कार्य कर रही है।

संबंधी पार्टियों के साथ ठेके और व्यवस्थाएं

32. रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान, कंपनी ने हुगली डॉक एवं पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड (एचडीपीईएल) के साथ पट्टे पर प्रवेश किया है जो दिनांक 12 जुलाई 2019 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुसमर्थित किया। इसके संबंध में एओसी-2 प्रपत्र में प्रकटीकरण **अनुबंध-1** में प्रस्तुत किया है। ऊपर बताए को छोडकर, वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कंपनी द्वारा कोई संबंधित पार्टी लेनदेन नहीं किया है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के प्रावधानों को आकर्षित किया है। आगे, आपके निदेशक ने वित्तीय बयान की टिप्पणी 27 जो भारतीय लेखा मानक 24 के अनुसार संबंधित पार्टी प्रकटीकरण का प्रदर्शन करते हैं, की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

निगमित शासन

33. दिनांक 08 जुलाई 2014 को सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन एफ सं.18(8)/2005-जीएम के अनुसार एचसीएसएल को निगमित शासन पर दिशार्निदेशों के अनुपालन से छूट है। फिर भी, सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी केन्द्रीय सावर्जनिक उद्यम केलिए निगमित शासन पर मार्गनिर्देशों के अनुपालन में तैयारित निगमित शासन पर रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट के भाग में एक अलग भाग में प्रस्तुत किया है।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

34. सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी केन्द्रीय सावर्जनिक उद्यम केलिए निगमित शासन पर मार्गनिर्देशों के अनुपालन के अनुसार समीक्षाधीन वर्ष केलिए प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट के भाग में एक अलग भाग में प्रस्तुत किया है।

आतंरिक वित्तीय नियंत्रण

35. बोर्ड ने लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता और विश्वसनीय वित्तीय प्रकटीकरण की समय पर तैयारी तथा प्रस्तुति सुनिश्चित करते हुए अपनी संपत्तियों की सुरक्षा, त्रुटियों और धोखाधडी को रोकने और पहचानते हुए कंपनी के व्यापार के व्यवस्थित और कुशल आयोजन को सुनिश्चित करते हुए मजबूत नीतियों और प्रक्रियाओं को अपनाया है।

आईसीएसआई के सचिवीय मानक

36. कॉरपरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त अनुमोदन के अनुसार, भारतीय कंपनी सचिवालय संस्थान (आईसीएसआई) ने दिनांक 1 जुलाई 2015 से प्रभावी निदेशक मंडल की बैठक (एसएस-1) और सामान्य बैठकों (एसएस-2) पर सचिवीय मानक दिनांक 23 अप्रैल, 2015 को अधिसूचित किया है।

सांविधिक लेखापरीक्षक

37. वित्तीय वर्ष 2019-20 केलिए भारतीय नियंत्रण एवं महा लेखापरीक्षक द्वारा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में मै. घोशाल बसु एवं रे (सीए 0624), सनदी लेखाकार, कोलकाता को नियुक्त किया गया था।

लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

38. मेसर्स घोशाल, बसु एवं रे, सांविधिक लेखापरीक्षकों ने दिनांक 29 मई, 2020 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। फिर भी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6)(क) के अधीन भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के अवलोकनों के अनुसार, मेसर्स घोशाल, बसु एवं रे ने दिनांक जुलाई 20, 2020 को एक संशोधित रिपोर्ट प्रस्तुत की। दोनों रिपोर्टों में कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

39. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियों को **अनुबंध- II** में प्रस्तुत किया है।

वार्षिक विवरणी का सार

40. कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12 (1) के अनुसार फॉर्म एमजीटी 9 में वार्षिक विवरणी का सार **अनुबंध- III** में प्रस्तुत किया है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

41. कंपनी अपने परियोजना कार्यान्वयन चरण में होने के कारण, सीएसआर गतिविधियों को शुरू करने की स्थिति में नहीं है। आगे, कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के दायरे में नहीं आती है जो सीएसआर से संबंधित है।

सतर्कता

42. वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान लंबित/निपटाए गए कोई सतर्कता मामला नहीं है।

अनुपूरक लेखापरीक्षा

43. भारत के नियंत्रक और महा लेखापरीक्षक ने कंपनी के अनुपूरक लेखापरीक्षा को महा लेखापरीक्षा निदेशक (कोयला), ऑल्ड निजाम पैलेस, 234/4, एजेसी बोस रोड, कोलकाता - 700 020 को सौंपा। फिर भी, उक्त कार्यालय द्वारा दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष केलिए कंपनी के वित्तीय विवरण पर कोई लेखापरीक्षा आपत्तियां नहीं उठायी गयी है।

सूचना अधिकार अधिनियम, 2005

44. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी को सूचना अधिकार (आरटी आई) अधिनियम, 2005 के अधीन दो अनुरोध प्राप्त हुआ था जो पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा स्थानांतरित किया था और उसकी केलिए उचित उत्तर प्रदान किया गया है।

धारा 143 के अधीन लेखापरीक्षकों द्वारा रिपोर्ट की गई धोखाधडी का विवरण

45. शून्य।

महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं

46. कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करते हुए कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धता कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत और इस रिपोर्ट की तिथि के बीच नहीं हुआ है।

ऋण, गारंटी या निवेश का विवरण

47. रिपोर्टाधीन अवधि में कंपनी ने :

क. किसी व्यक्ति को या अन्य निगमित निकाय को कोई ऋण नहीं दिया है।

ख. किसी अन्य निगमित निकाय या व्यक्ति को ऋण के सिलसिले में कोई गारंटी नहीं दिया है और प्रतिभूति नहीं प्रदान किया है।

ग. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अधीन निर्धारितानुसार, किसी अन्य निगमित निकाय के प्रतिभूतियों को अभिदान, खरीदी या अन्यथा प्राप्त नहीं किया है।

व्यापार की प्रकृति में परिवर्तन का विवरण

48. कंपनी ने अभी तक अपने व्यापार प्रचालन की शुरूआत नहीं की है और व्यापार प्रचालन शुरू करने केलिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और श्रमशक्ति लगाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

निक्षेप

49. आपकी कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 के चैप्टर V के अधीन सार्वजनिक से कोई निक्षेप स्वीकार नहीं किया है।

महत्वपूर्ण आदेश

50. कंपनी की चालू स्थिति और इसके प्रचालनों को प्रभावित करते हुए विनियामकों या किसी अदालतों या न्यायालय द्वारा कोई महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किया गया है।

अन्य प्रकटीकरण

51. कार्यस्थान में महिलाओं के यौन उत्पीडन (प्रतिषेध, प्रतितोषण और निवारण) अधिनियम, 2013 और इसके तहत बनाए नियमों के अधीन वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कोई मामला फाइल नहीं किया है/ न निपटाया गया है।

आभारोक्ति

52. निदेशक मंडल माननीय प्रधान मंत्री, माननीय पोत परिवहन मंत्री, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, हुगली डॉक एवं पोर्ट इंजीनियेर्स लिमिटेड तथा कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट और पोत परिवहन मंत्रालय, सीएसएल, एचडीपीईएल तथा केओपीटी के सभी अधिकारियों के प्रति उनसे निरंतर प्राप्त हिमायत केलिए अत्यंत आभारी है। बोर्ड भारत सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार के विभिन्न कार्यालयों, स्थानीय निकायों, भारत के नियंत्रक व महालेखापरीक्षक, सांविधिक लेखा परीक्षकों, कानूनी परिषदों, परामर्शकारों, आपूर्तिकारों, उप ठेकेदारों और कंपनी के बैंकरों के प्रति प्राप्त समर्थन एवं सहयोग केलिए कृतज्ञ है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से,

मधु एस नायर

स्थानः कोच्ची — अध्यक्ष

तारीखः जुलाई 30, 2020 — डीआईएनः 07376798

अनुबंध I

प्रपत्र सं. एओसी -2

(अधिनियम की धारा 134 के उप-धारा (3) के खंड (एच) और कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 (2) के अनुसार)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप-धारा (1) में उल्लिखित संबंधी पार्टियों के साथ कंपनी किए ठेके/व्यवस्था के विवरणों के प्रकटीकरण केलिए प्रपत्र, जिसमें इसके अतिरिक्त तीसरे प्रावधान के अधीन कुछ निष्पक्ष लेनदेन भी शामिल हैं।

1. ठेका या व्यवस्था या अनिष्पक्ष लेनेदेन का विवरण - शून्य

क्र.सं.	ब्यौरे	विवरण
क)	संबंधी पार्टी का नाम और संबंध की प्रकृति	
ख)	ठेका/व्यवस्था/लेनदेन की प्रकृति	
ग)	ठेका/व्यवस्था/लेनदेन की अवधि	
घ)	मूल्य सहित ठेके या व्यवस्था या लेनदेन के मुख्य निबंधन, यदि कोई हो।	
ड)	ऐसे ठेके या व्यवस्था या लेनदेन करने केलिए औचित्य	
च)	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तिथि	
छ)	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो।	
ज)	धारा 188 के प्रथम प्रावधान के तहत अपेक्षितानुसार आम बैठक में विशेष संकल्प पारित करने की तिथि	

2. ठेके या व्यवस्था या निष्पक्ष आधार के लेनदेन का विवरण

क्र.सं.	ब्यौरे	विवरण
क)	संबंधी पार्टी का नाम और संबंध की प्रकृति	हुगली डॉक एवं पोर्ट इंजीनियर्स लिमिटेड (एचडीपीईएल)। एचडीपीईएल, एचसीएसएल के इक्विटी शेयर पूंजी में 26% संभालते हैं।
ख)	ठेका/व्यवस्था/लेनदेन की प्रकृति	भूमि का पट्टा उधार।
ग)	ठेका/व्यवस्था/लेनदेन की अवधि	दो वर्ष।
घ)	मूल्य सहित ठेके या व्यवस्था या लेनदेन के मुख्य निबंधन, यदि कोई हो।	2.5% वार्षिक वृद्धि के साथ प्रति महीने प्रति 100 स्क्वयर मीटर 1,155 रुपए (रुपए एक हजार एक सौ और पचपन मात्र) के पट्टे किराए केलिए एचसीएसएल नजीरगंज सुविधा के आसपास और सामने स्थित और नजीरगंज में स्थित क्वार्टरों के सामने नजदीकी भूमि और शौचालय कॉम्प्लेक्स के निकस्टथ 9 मजदूर क्वार्टरों सम्मिलित 1000 स्क्वायर मीटर भूमि का पट्टा।
ड)	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तिथि	12 जुलाई 2019
च)	अग्रिम के रूप में प्रदत्त राशि, यदि कोई हो	शून्य

कृते और निदेशक मंडल की ओर से,

मधु एस नायर
अध्यक्ष
डीआईएन: 07376798

स्थान: कोच्ची
तिथि: जुलाई 30, 2020

अनुलग्नक II

दि. 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष केलिए हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के अधीन भारत के नियंत्रक व महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अधीन निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग ढांचे के अनुसार दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष केलिए हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की तैयारी, कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। अधिनियम की धारा 139 (5) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक, अधिनियम की धारा 143 (10) के अधीन निर्धारित लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 143 के अधीन वित्तीय विवरण पर राय व्यक्त करने कलिए जिम्मेदार हैं। दिनांक 29 मई 2020 के उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट और दिनांक 20 जुलाई 2020 के संशोधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट द्वारा ऐसा उनके द्वारा करने के बारे में बताया गया है।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक की ओर से, मैंने, दिनांक 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष केलिए हुगली कोचीन शिपयार्ड के वित्तीय विवरणों के अधिनियम की धारा 143 (6)(क) के अधीन अनुपूरक लेखापरीक्षा आयोजित की है। यह अनुपूरक लेखापरीक्षा, सांविधिक लेखापरीक्षकों के कार्य दस्तावेजों को देखे बिना स्वतंत्र रूप से की गई थी और मुख्य रूप से सांविधिक लेखापरीक्षकों और कंपनी कर्मियों की पूछताछ और कुछ लेखा अभिलेखों की चयनात्मक परीक्षा तक सीमित है। अनुपूरक लेखापरीक्षा के दौरान प्रकाश डाले गए मेरी लेखापरीक्षा अवलोकनों के फलस्वरूप, "अन्य मामला" के अधीन सूचितानुसार स्वतंत्र लेखापरीक्षा रिपोर्ट में किए गए संशोधन की दृष्टि में, अधिनियम की धारा 143 (6) (ख) के अधीन सांविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट में प्रस्तुत करने या पूरक करने केलिए कोई और टिप्पणी नहीं है।

भारत के नियंत्रक व महा लेखापरीक्षक केलिए
की ओर से

(मौसमी राय भट्टाचार्या)
महा लेखापरीक्षा निदेशक (कोयला)
कोलकाता

स्थान: कोलकाता
दिनांक : 27 जुलाई, 2020

निदेशक बोर्ड केलिए और की ओर से

मधु एस नायर
अध्यक्ष
डीआईएन: 07376798

स्थान: कोच्ची
दिनांक : जुलाई 30, 2020

अनुबंध III

फॉर्म सं. एमजीटी-9
वार्षिक विवरणी का सार

दिनांक 31.03.2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अनुसार
कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन व प्रशासन) नियम 2014
के नियम 12(1) के अनुसार

I. पंजीकरण व अन्य विवरण:

1.	सीआईएन	U35900WB2017GOI223197
2.	पंजीकरण तिथि	अक्तूबर 23, 2017
3.	कंपनी की नाम	हुगली कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
4.	कंपनी की श्रेणी/उप-श्रेणी	निजी कंपनी / शेयरों द्वारा सीमित
5.	पंजीकृत कार्यालय का पता व संपर्क विवरण	दि लेगसी, 25 ए शेक्सपियर सारणी, लेवल 1, कोलकाता - 700 017 पश्चिम बंगाल, भारत फोन: 913344000517 ई-मेल: secretary.hcsl@cochinshipyard.com
6.	क्या सूचीबद्ध कंपनी है	जी नहीं
7.	पंजीयक व अंतरण अभिकर्ता कोई है तो, उनका नाम, पता व संपर्क विवरण	लागू नहीं

II. कंपनी की प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियां (कंपनी के कुल कारोबार का 10% या उससे अधिक अंशदान देने वाले सभी व्यावसायिक गतिविधियां बताना चाहिए)

क्र.सं.	मुख्य उत्पादों / सेवाओं का नाम व विवरण	उत्पादों / सेवाओं का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल कारोबार की प्रतिशतता
लागू नहीं हैं क्योंकि कंपनी परियोजना चरण में है और अभी तक इसके संचालन शुरू नहीं किया है।			

III. होल्डिंग, सहायक और सहयोगी कंपनियों का विवरण

क्र.सं	कंपनी का नाम व पता	सीआईएन/ जीएलएन	होल्डिंग/ सहायक / सहयोगी	संभाले शेयरों की	लागू धारा
1.	कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, प्रशासनिक भवन, कोचीन शिपयार्ड परिसर, पेरुमानूर, कोच्ची, एर्णाकुलम- 682015 केरल, भारत	L63032KL1972GOI002414	होल्डिंग	100	2(46)

IV. शेयर होल्डिंग पैटर्न (कुल इक्विटी के प्रतिशत के रूप में इक्विटी शेयर पूंजी विवरण)

(i) श्रेणी वार शेयर होल्डिंग

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष की शुरुआत में संभाले शेयरों की संख्या (01 अप्रैल 2019 को)				वर्ष के अंत में संभाले शेयरों की संख्या (31 मार्च 2020 के अनुसार)				वर्ष के दौरान परिवर्तन %
	डीमैट	प्रत्यक्ष	कुल	कुल शेयरों की %	डीमैट	प्रत्यक्ष	कुल	कुल शेयरों की %	
क. संस्थापक									
(1) भारतीय									
क) व्यक्तिगत/ एचयूएफ	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) केंद्र सरकार	-	10	10	-*	-	-	-	-	(-)*
ग) राज्य सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) निगमित निकायों	-	2,19,99,990	2,19,99,990	100#	2,19,99,940	60	2,20,00,000	100	-
ङ) बैंक/ एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) अन्य कोई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल (क)(1)	-	2,20,00,000	2,20,00,000	100	2,19,99,940	60	2,20,00,000	100	-
(2) विदेशी									
क) एनआरआई- व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) अन्य - व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) निगमित निकायों	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) बैंक/ एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ङ) अन्य कोई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल (क)(2)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
संस्थापक के कुल शेयर होल्डिंग (क) (1) + (क)(2)	-	2,20,00,000	2,20,00,000	100	2,19,99,940	60	2,20,00,000	100	-
ख. सार्वजनिक शेयर होल्डिंग									
1. संस्थान									
क) म्यूअचल फण्ड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) बैंक/ एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) केंद्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) राज्य सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ङ) उद्यम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) बीमा कंपनियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
छ) एफआईआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-

ज) विदेशी उद्यम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
झ) अन्य (स्पष्ट करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल (ख)(1)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2. गैर संस्थान									
क) निगमित निकाय									
i) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) विदेशी	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) व्यक्तिगत									
i) एक लाख रुपए तक सामान्य शेयर पूँजी संभालने वाले व्यक्तिगत शेयर धारक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
